अंतर्राष्ट्रीय विद्यार्थी आपातकालीन राहत फंड – आवेदन 2020

अंतर्राष्ट्रीय विद्यार्थी आपातकालीन राहत फंड

आवेदन फॉर्म समझने में आपकी सहायता करने के लिए, हमने आवेदन फॉर्म का एक अनुवाद किया हुआ संस्करण **केवल संदर्भ** के लिए उपलब्ध कराया है। **अपना आवेदन करने के लिए इस फॉर्म का प्रयोग न करें।**

यदि आप किसी गैर-सरकारी शिक्षा प्रदाता के यहाँ पढ़ाई कर रहे/रही हैं तो आप Study Melbourne की वेबसाइट पर उपलब्ध हमारे (अंग्रेज़ी भाषा के) ऑनलाइन आवेदन फॉर्म का प्रयोग करके आवेदन कर सकते/सकती हैं।

हम सुझाव देते हैं कि इन आवेदनों के लिए आप PC या लैपटॉप का प्रयोग करें।

कृपया ध्यान दें: फंड्स तक पहुँच प्राप्त करने के लिए University और TAFE के विद्यार्थियों को अपने शिक्षा संस्थानों से संपर्क करना चाहिए।

आवेदन फॉर्म पूरा करने से पहले आपके लिए क्या जानना ज़रुरी है

कृपया यह सुनिश्चित करें कि आवेदन फॉर्म पूरा करने से पहले आपने कार्यक्रम की प्रासंगिक शर्तें और नियम पढ़ लिए हैं।

उपयोगकर्ता रजिस्ट्रेशन
आवेदन फॉर्म को 'Save as Draft (ड्राफ्ट के तौर पर सेव)' या 'Submit (जमा)' करने के लिए यह ज़रुरी है कि आप **Business Victoria** के एक रजिस्टर्ड उपयोगकर्ता हों।

यदि आप पहले से ही **Business Victoria** के एक रजिस्टर्ड उपयोगकर्ता हैं, तो जब आप आवेदन को 'Save as Draft' या 'Submit' कर रहे होंगे तो आपको अपना यूज़रनेम और पासवर्ड एंटर करने के लिए कहा जाएगा।

यदि आप **Business Victoria** के एक रजिस्टर्ड उपयोगकर्ता नहीं हैं, तो जब आप आवेदन को 'Save as Draft' या 'Submit' कर रहे होंगे तो आपको अपना यूज़रनेम और पासवर्ड बनाने के लिए कहा जाएगा।

गुप्तता और वाणिज्यिक गोपनीयता
Department of Jobs, Precincts and Regions (DJPR) आपकी व्यक्तिगत जानकारी एकत्रित कर रहा है, जैसे कि आपका नाम, आपकी वीज़ा स्थिति से सम्बन्धित विवरण, किसी पात्र विक्टोरियाई शिक्षा प्रदाता में आपका नामांकन और आपका संपर्क विवरण, ताकि फंडिंग देने के लिए आपकी पात्रता का आकलन किया जा सके और आपके आवेदन के बारे में आपसे संपर्क किया जा सके। आपकी जानकारी DJPR द्वारा संभाल कर रखी जाएगी और इसका प्रबंध Privacy and Data Protection Act 2014 और Public Records Act 1974के अनुसार किया जाएगा। और अधिक जानकारी के लिए, विभाग की गोपनीयता नीति देखें।

डाटा सुरक्षा और स्वामित्व
आपका ड्राफ्ट फॉर्म विभाग के कर्मचारियों द्वारा देखा जा सकता है परन्तु जब तक आप इसे सब्मिट (जमा) नहीं करते/करती हैं तब तक इसे विस्तार से नहीं देखा जाएगा या इसका आकलन नहीं किया जाएगा। आपके द्वारा आवेदन को सेव या सब्मिट करने के बाद, इस आवेदन में शामिल जानकारी को विभाग के सुरक्षित परिवेश में प्रेषित कर दिया जाएगा।

फंडिंग संबंधी फैसले
इस आवेदन का आकलन और फंडिंग को मंज़ूरी देने के कोई फैसले पूरी तरह से विक्टोरिया राज्य के हैं और इनपर राज्य के मंत्रियों और विभाग के द्वारा निर्णय लिया जाता है।

आवेदन के कारण किए जाने वाले क्लेम के लिए राज्य जिम्मेदार नहीं है
यदि इस आवेदन के कारण या इसके संबंध में कोई कार्यवाही या क्लेम किए जाते हैं तो विक्टोरिया राज्य इसके लिए जिम्मेवार नहीं होगा।

कार्यक्रम के बारे में

विक्टोरियाई सरकार के अंतर्राष्ट्रीय विद्यार्थी आपातकालीन राहत फंड के लिए आवेदन करने हेतु अपनी रूचि रजिस्टर करने के लिए आपका धन्यवाद।

Study Melbourne के माध्यम से, हम इस चुनौतिपूर्ण समय के दौरान आपका समर्थन करने के लिए हैं।

इस भुगतान के लिए योग्य होने हेतु यह ज़रुरी है कि आप पात्रता के सभी मानदण्ड पूरे करते/करती हों। आप कार्यक्रम के दिशा-निर्देशों में अंतर्राष्ट्रीय विद्यार्थी आपातकालीन राहत फंड के पात्रता मानदण्डों की जांच कर सकते/सकती हैं।

आवेदन करने के साथ आप राज्य और कॉमनवेल्थ सरकार के विभागों को जानकारी प्रदान करने की सहमति देते/देती हैं ताकि इसका आकलन किया जा सके। प्रदान की गई जानकारी Privacy and Data Protection Act 2014 (Vic) के अनुसार संभाल कर रखी जाएगी।

इस फॉर्म के बारे में
यह फॉर्म विक्टोरिया में किसी **गैर-सरकारी टर्शरी शिक्षा प्रदाता** के साथ नामांकित अंतर्राष्ट्रीय विद्यार्थियों के लिए है। आपका शिक्षा प्रदाता एक गैर-सरकारी टर्शरी शिक्षा प्रदाता है या नहीं, आप Study Melbourne की वेबसाइट पर इसकी जांच कर सकते/सकती हैं।

यह फॉर्म उन अंतर्राष्ट्रीय विद्यार्थियों के लिए नहीं है जो विक्टोरिया में किसी सरकारी युनिवर्सिटी या TAFE में पढ़ाई कर रहे हैं। युनिवर्सिटी और TAFE के विद्यार्थियों के लिए और अधिक जानकारी https://www.studymelbourne.vic.gov.au/news-updates/international-studentemergency-relief-fund/university-and-tafe पर उपलब्ध है।
आपके लिए विस्तृत जानकारी और दस्तावेज़ प्रदान करने ज़रुरी होंगे जो यह आपकी पहचान का प्रमाण देते हों और यह दर्शाते हों कि कोरोनावायरस (COVID-19) महामारी के कारण आपकी आमदनी या वेतन में कमी आने की वजह से आपने वित्तीय कठिनाई का सामना किया है।
आप अपना आवेदन सेव कर सकते/सकती हैं और बाद में इसपर वापिस आ सकते/सकती हैं।
हम आपकी गोपनीयता को गंभीरता से लेते हैं, और एकत्रित की गई संपूर्ण जानकारी को हमारे गोपनीयता वक्तव्य का अनुपालन करते हुए संभाल कर रखा जाएगा।

इस आवेदन की शर्तें

1. अंतर्राष्ट्रीय विद्यार्थी आपातकालीन राहत फंड भुगतान के लिए आपकी पात्रता का आकलन करने के लिए हम आपके द्वारा प्रदान विवरण की जांच करेंगे।
मैं यह समझता/समझती हूँ कि मेरे द्वारा प्रदान की गई जानकारी की जांच की जाएगी। यदि जानकारी सही नहीं है तो मेरा आवेदन असफल हो जाएगा। * ☒

2. मैं यह समझता/समझती हूँ कि यदि मैं सही जानकारी प्रदान नहीं करता/करती हूँ या निवेदन किए सभी दस्तावेज़ निवेदन किए फॉर्मेट्स में संलग्न नहीं करता/करती हूँ, या यदि कोई बाहरी पक्ष मेरी ओर से आवेदन करता है, तो मेरा आवेदन असफल हो जाएगा। * ☒

3. मैं यह समझता/समझती हूँ कि मेरा आवेदन विक्टोरिया की सरकार द्वारा ऑडिट (लेखा-परीक्षण) किए जाने के अधीन हो सकता है और मैं आगे अधिक जानकारी प्रदान करने की सहमति देता/देती हूँ ताकि यह प्रमाणित किया जा सके कि:
- मैं वर्तमान में विक्टोरिया में रहता/रहती हूँ
- मैं वित्तीय कठिनाई का सामना कर रहा/रही हूँ
- कोरोनावायरस (COVID-19) महामारी के कारण मेरी आमदनी या वेतन में कमी आई है। *

☒

4. मैं इस बात की सहमति देता/देती हूँ कि यदि मेरा आवेदन सफल हो जाता है, तो आगे चलकर मूल्यांकन उद्देश्यों के लिए मुझसे एक सर्वेक्षण में भाग लेने के लिए संपर्क किया जा सकता है। * ☒

5. फॉर्म कैसे भरना है, यह समझने में आपकी सहायता करने के लिए जानकारी Study Melbourne की वेबसाइट पर उपलब्ध है।
मैंने अंतर्राष्ट्रीय विद्यार्थी आपातकालीन राहत फंड कार्यक्रम के दिशा-निर्देश (दूसरी स्ट्रीम) और आवेदन संदर्शिका (दूसरी स्ट्रीम) पढ़ ली है। * ☒

6. मेरे पास अपने आवेदन का समर्थन करने के लिए निम्नलिखित जानकारी तैयार पड़ी है:
- नामांकन की मेरी पुष्टि की एक प्रति
- वैध स्टुडेन्ट वीज़ा या ब्रिजिंग वीज़ा ग्रांट अधिसूचना दस्तावेज़
- VEVO वीज़ा विवरण की जाँच जो पांच दिन से अधिक पुरानी नहीं है
- आपके पासपोर्ट में जानकारी वाले पेज़ की प्रति
- प्रमाण जो यह दर्शाता हो कि मार्च और जुलाई 2020 के बीच किसी भी समय मेरे पास एक वैतनिक रोज़गार था
- प्रमाण जो दिखाता है कि मैं काम और वेतन के अब न मिलने के कारण वित्तीय कठिनाई का सामना कर रहा हूँ
- आपके नाम वाले आपके ऑस्ट्रेलियाई बैंक एकाउंट के विवरण

यदि इन दस्तावेज़ों को समझने में आपको सहायता की ज़रुरत है, तो कृपया आवेदन समर्थन दस्तावेज़ों की जांच करें * ☒

अनुभाग 1: क्या आप आवेदन करने के लिए पात्र हैं?

यह अनुभाग पात्रता के मानदण्ड के लिए आपके आवेदन का आकलन करेगा। इससे पहले कि आपका आवेदन आगे बढ़े, यह ज़रुरी है कि आप पात्रता के सभी मानदण्ड पूरे करते/करती हों।

नामांकन संबंधी पात्रता

पहला मानदण्ड: **आप एक अंतर्राष्ट्रीय विद्यार्थी हैं और आप विक्टोरिया में किसी गैर-सरकारी टर्शरी शिक्षा प्रदाता में नामांकित हैं, तथा 31 मार्च 2020 को आप इसमें नामांकित थे।**
अब हम इस मानदण्ड से सम्बन्धित जानकारी की जांच करेंगे।

1.1 मैं विक्टोरिया में संचालन करने वाले एक गैर-सरकारी टर्शरी शिक्षा प्रदाता में नामांकित हूँ और मेरे पास एक Confirmation of Enrolment (CoE) है जिससे पता चलता है कि मैं 31 मार्च 2020 को सक्रिय रूप से व्यस्त छात्र था।
पात्र प्रदाताओं की सूची यहाँ उपलब्ध है * ☒ **हाँ** ☒ **नहीं**

1.2 मेरा कोर्स शुरु होने की दिनांक
(यह आपके Confirmation of Enrolment दस्तावेज़ पर लिखी होती है) *

1.3 मेरे कोर्स की समाप्ति दिनांक
(यह आपके Confirmation of Enrolment दस्तावेज़ पर लिखी होती है) *

1.4 कृपया 31 मार्च 2020 को आपने जिस कोर्स में दाखिला लिया हुआ था उसके लिए अपना Confirmation of Enrolment (CoE) नम्बर एंटर करें:
(यह नम्बर आपके Confirmation of Enrolment (CoE) के ऊपरी दाहिने कौने में लिखा होता है)। * [यह 8 करेक्टर लंबा का होना चाहिए]

1.5 (31 मार्च 2020 को) आपके विक्टोरियाई शिक्षा प्रदाता का क्या नाम है? *

1.6 कृपया अपने प्रदाता का CRICOS नम्बर एंटर करें, इसे आपकी Confirmation of Enrolment से पाया जा सकता है
(यह नम्बर प्रदाता के नाम के आगे अनुभाग बी में लिखा होता है।) * [5 डिजीट और एक अक्षर (जैसे कि 11111A)]

आपको इस फॉर्म के सहायक दस्तावेज़ों वाले अनुभाग में अपनी Confirmation of Enrolment (CoE) की स्कैन की गई प्रति संलग्न करने के लिए कहा जाएगा।।

वीज़ा संबंधी पात्रता

अब हम आपके वीज़ा से सम्बन्धित जानकारी की जांच करेंगे। यह ग्रांट केवल उन अंतर्राष्ट्रीय विद्यार्थियों के लिए है जिनके पास एक वर्तमान स्टुडेन्ट वीज़ा है या वर्तमान ब्रिजिंग वीज़ा है और प्रसंस्करण में छात्र वीज़ा आवेदन है।

1.7 मेरे पास एक वर्तमान स्टुडेन्ट वीज़ा या ब्रिजिंग वीज़ा है * (दो ब्रिजिंग वीज़ा कोड डालें जो स्वीकार्य हैं)- [--एक विकल्प चुनें--]

1.8 कृपया अपना वीज़ा ग्रांट नम्बर एंटर करें:
(यह आपके VEVO रिकॉर्ड में शामिल है। यह बहुत महत्वपूर्ण है कि आप सही नम्बर एंटर करें। किन-किन दस्तावेज़ों की ज़रुरत है, इसकी पहचान करने में आपकी सहायता करने के लिए आपको आवेदन संदर्शिका (दूसरी स्ट्रीम) का प्रयोग करना चाहिए।) * [13 डिजीट का नम्बर और उसमें कोई खाली स्थान नहीं]

1.9 कृपया अपनी वीज़ा ग्रांट तिथि एंटर करें: *
1.10 कृपया अपनी वीज़ा के एक्सपायर होने की तिथि एंटर करें *
1.11 आपके पासपोर्ट पर क्या राष्ट्रीयता लिखी है? * [--एक विकल्प चुनें--]

यदि आप के पास छात्र वीज़ा है, तो **आपको इस फॉर्म के सहायक दस्तावेज़ों वाले अनुभाग में गृह मामला विभाग द्वारा आपूर्ति किए गए अपने वैध स्टुडेन्ट वीज़ा की एक प्रति (आमतौर पर VEVO वीज़ा विवरण जाँच रिकॉर्ड) संलग्न करनी होगी।**

यदि आप के पास ब्रिजिंग वीज़ा है, तो इस फ़ॉर्म के सहायक दस्तावेज अनुभाग में आपको:

- **आपके ब्रिजिंग वीज़ा ग्रांट अधिसूचना दस्तावेज़ की प्रति**

और

- **गृह विभाग से VEVO वीज़ा विवरण जाँच रिकॉर्ड**

संलग्न करने की आवश्यकता है

यह प्रति एक हाल ही की प्रति होनी चाहिए और यह ज़रुरी है कि इसे आपके आवेदन के पांच दिनों में बनाया गया हो।
आप अपने VEVO विवरण जाँच रिकॉर्ड की प्रति यहाँ गृह मामला विभाग से प्राप्त कर सकते हैं

1.12 कृपया अपने वर्तमान पासपोर्ट से अपना पासपोर्ट नम्बर एंटर करें *

आपको इस फॉर्म के सहायक दस्तावेज़ों वाले अनुभाग में अपने वर्तमान पासपोर्ट के बायो-डाटा पेज़ की एक स्कैनड प्रति संलग्न करने के लिए कहा जाएगा।

स्थान संबंधी पात्रता

अब हम आपके वर्तमान स्थान से सम्बन्धित जानकारी की जांच करेंगे।

यह भुगतान उन अंतर्राष्ट्रीय विद्यार्थियों के लिए है जो वर्तमान में विक्टोरिया में रहते हैं, और अभी शारीरिक रुप से विक्टोरिया में हैं।

आप इस भुगतान के लिए आवेदन नहीं कर सकते/सकती हैं यदि आप शारीरिक रुप से ऑस्ट्रेलिया में किसी दूसरे स्थान पर हैं या आप किसी दूसरे देश में हैं।

1.13 मैं एक अंतर्राष्ट्रीय विद्यार्थी के तौर पर विक्टोरिया में रहता/रहती हूँ। मैं वर्तमान में शारीरिक रुप से विक्टोरिया में उपस्थित हूँ *	☒	**हाँ**	☒	**नहीं**
1.14 अपना स्थान वह चुनें जो आपके वीज़ा दस्तावेज़ (जैसे कि VEVO रिकॉर्ड) में लिखा गया है। *	☒	**ऑनशोर**	☒	**ऑफ-शोर**

रोज़गार और कठिनाई संबंधी पात्रता

अब हम आपके वर्तमान रोज़गार और कठिनाई का सामना करने के अनुभव से सम्बन्धित जानकारी की जांच करेंगे।

यह ग्रांट उन अंतर्राष्ट्रीय विद्यार्थियों के लिए है जिनके पास मार्च और जुलाई 2020 के बीच किसी भी समय विक्टोरिया में रोज़गार था, और जिन्होंने कोरोनावायरस (COVID-19) महामारी के कारण वित्तीय कठिनाई की असामान्य परिस्थितियों का सामना किया है, और वे परिस्थितियाँ निम्नलिखित कारणों के फलस्वरूप हुई हों:
रोज़गार के घंटों में महत्वपूर्ण कमी, या किसी व्यापार के बंद हो जाने के कारण रोज़गार चले जाना; और वे विद्यार्थी वित्तीय समर्थन के अन्य स्त्रोतों से आमदनी में आई कमी को पूरा करने में असक्षम हों।

1.15 मार्च, अप्रैल, मई, जून या जुलाई 2020 में मुझे विक्टोरिया में रोज़गार प्राप्त था *	☒	**हाँ**	☒	**नहीं**

1.16 आपके नियोक्ता का क्या नाम है? * [ ]

1.17 क्या आप किसी कर्मचारी, कांट्रेक्टर या दोनों तौर पर काम कर रहे थे? * --एक विकल्प चुनें--

आपको नीचे दिए गए अनुभाग में सहायक दस्तावेज़ संलग्न करने के लिए कहा जाएगा।

1.18 काम के घंटों में कमी या रोज़गार चले जाने के कारण मेरी आमदनी में कमी आई है और मैं कठिनाई का सामना कर रहा/रही हूँ *	☒	**सहमत**	☒	**असहमत**
1.19 अगले दो सप्ताहों के लिए अपने रहन-सहन के बुनियादी खर्च को पूरा करने के लिए मेरे पास पर्याप्त धन, इसमें सेविंग्स वाला धन शामिल है, नहीं है *	☒	**सहमत**	☒	**असहमत**
1.20 मेरे पास वित्तीय समर्थन के अन्य प्रकारों तक तात्कालिक पहुँच नहीं है*	☒	**सहमत**	☒	**असहमत**
1.21 यदि आवश्यक हो तो मैं अतिरिक्त जानकारी प्रदान करने के लिए सहमत हूँ। *	☒	**सहमत**	☒	**असहमत**

अगले अनुभाग में आपको ऐसे समर्थन के बारे में पूछा जाता है जो सम्भवत: आपको पहले ही मिल चुका हो।

1.22 जिन संगठनों या समुदाय से मेरा संबंध है, उनसे मुझे अपनी सहायता के लिए कोई धन प्राप्त नहीं हुआ है *	☒	**सहमत**	☒	**असहमत**
1.23 मेरे पास पर्याप्त सुपरएनुएशन की पहुँच नहीं है या मैनें पहले ही यह विकल्प प्रयोग कर लिया है और अब यह विकल्प उपलब्ध नहीं है *	☒	**सहमत**	☒	**असहमत**
1.24 मुझे अपने रहन-सहन के खर्च का भार उठाने के लिए ऑस्ट्रेलिया में या विदेश में अपने परिवार से कोई वित्तीय सहायता नहीं मिली है *	☒	**सहमत**	☒	**असहमत**
1.25 मुझे अपनी सहायता के लिए मेरे साथ रहने वाले लोगों से कोई पैसे नहीं मिले हैं *	☒	**सहमत**	☒	**असहमत**

1.26
आप किस उद्योग में काम कर रहे थे? * --एक विकल्प चुनें--

अनुभाग 2: विद्यार्थी के विवरण

आवेदक की जानकारी

आपका आवेदन प्रोसेस करने में हमारी सहायता करने के लिए, हमें आपकी पहचान की जांच करने के लिए आपके कुछ निजी विवरणों की ज़रुरत है।

शीर्षक * (संपर्क अभिवादन) --एक विकल्प चुनें--

प्रथम नाम (यह वही नाम होना चाहिए जो आपके उस पासपोर्ट पर है जिसका प्रयोग आपने ऑस्ट्रेलिया प्रवेश करते समय किया था।) *	
कुलनाम: (यह वही नाम होना चाहिए जो आपके उस पासपोर्ट पर है जिसका प्रयोग आपने ऑस्ट्रेलिया प्रवेश करते समय किया था।) *	
जन्म तिथि *	
ई-मेल : *	
संपर्क फोन (कृपया पहले +61 लगाएँ) (यह वह फोन नम्बर होना चाहिए जिसपर वर्तमान में फोन कॉल्स आ रही हों) *	ऑस्ट्रेलियाई फोन नम्बर

विक्टोरिया में आपका संपर्क पता

स्ट्रीट पता: *	
शहर/सबर्ब: *	
पोस्टकोड: *	विक्टोरियाई पोस्टकोड

अनुभाग 3: यह अनुभाग वैकल्पिक है, ग्रांट के लिए आपकी पात्रता के भाग के तौर पर इस अनुभाग में दिए आपके जवाबों का आकलन नहीं किया जाता है

कोरोनावायरस (COVID-19) महामारी के दौरान अपने अंतर्राष्ट्रीय विद्यार्थी समुदाय का समर्थन करने में हमारी सहायता करने के लिए हम अपाके बारे में थोड़ा और जानना चाहते हैं।

यह जानकारी स्वैच्छिक है। इसका अंतर्राष्ट्रीय विद्यार्थी आपातकालीन राहत फंड के माध्यम से भुगतान के लिए आपके आवेदन पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा।

मेलबोर्न और विक्टोरिया में अंतर्राष्ट्रीय विद्यार्थियों के लिए नियमित जानकारी और अवसरों के लिए मुझे Study Melbourne की मासिक ई-मेल न्यूज़लैटर की सदस्यता में शामिल करें।

☒ **हाँ** ☒ **नहीं**

(Study Melbourne हर महीने एक न्यूज़लैटर वितरित करती है जिसमें विक्टोरिया में अंतर्राष्ट्रीय विद्यार्थियों के लिए जानकारी, सुझाव और सलाह शामिल होती है।)

आपको अंतर्राष्ट्रीय विद्यार्थी राहत फंड के बारे में जानकारी कहाँ से मिली थी? कृपया तीन तक विकल्प चुनें

☒ शिक्षा प्रदाता
☒ शिक्षा एजेंट
☒ क्लब या सोसाइटी
☒ Study Melbourne सोशल मीडिया
☒ Study Melbourne ई-न्यूज़लैटर
☒ मित्र या परिजन
☒ Facebook
☒ Instagram
☒ Twitter
☒ LinkedIn
☒ WeChat
☒ Weibo
☒ अन्य सोशल मीडिया
☒ रियल टाइम चैट एप (जैसे कि WhatsApp, Messenger,
☒ Viber, WeChat, Telegram
☒ SMS/टेक्सट मैसेज
☒ टेलीविज़न
☒ इंटरनेट फोरम
☒ समाचार

कोरोनावायरस (COVID-19) महामारी के दौरान आपने किस प्रकार का समर्थन प्राप्त किया है

--एक विकल्प चुनें--

अन्य (विवरण दें) *

यह समर्थन लेने के लिए आप किसके पास गए थे/गई थी?

☒ परिजन और मित्र
☒ शिक्षा एजेंट

- ☒ शिक्षा प्रदाता
- ☒ Study Melbourne स्टुडेन्ट सेंटर
- ☒ Study Melbourne की वेबसाइट
- ☒ स्थानीय समुदाय के संगठन
- ☒ दूतावास कार्यालय
- ☒ मानसिक स्वास्थ्य सेवा
- ☒ वकील
- ☒ Consumer Affairs Victoria
- ☒ Housing Victoria
- ☒ अन्य

अन्य (विवरण दें)

क्या आपको अब तक मिले समर्थन के बारे में कोई और बात है जो आप सांझा करना चाहते/चाहती हैं?

आप किस प्रकार के आवास-स्थान में रहते/रहती हैं?	--एक विकल्प चुनें--
अन्य (विवरण दें) *	
आप कितनी अवधि से विक्टोरिया में स्टुडेन्ट वीज़ा पर हैं?	--एक विकल्प चुनें--
यदि ऑस्ट्रेलिया में अपनी शिक्षा का प्रबंध करने के लिए आपने किसी शिक्षा एजेंट का प्रयोग किया था, तो उस एजेंट का क्या नाम है?	
क्या आपके साथ आपके कोई डिपेन्डेंट्स (आश्रित व्यक्ति) (जैसे कि पति/पत्नी या बच्चे) रह रहे हैं?	☒ **हाँ** ☒ **नहीं**
आप किस क्षेत्र में पढ़ाई कर रहे/रही हैं?	--एक विकल्प चुनें--

अनुभाग 4: ऑस्ट्रेलियाई बैंक एकाउंट के विवरण

यदि आप कामयाब होते/होती हैं तो आपको इस ग्रांट का भुगतान करने के लिए आपके ऑस्ट्रेलियाई बैंक एकाउंट विवरण की ज़रुरत होगी।

आपका ऑस्ट्रेलियाई बैंक एकाउंट किस नाम पर है? यह एकाउंट में दिया गया नाम है, न कि बैंक का नाम। *	ऑस्ट्रेलियाई बैंक एकाउंट पर नाम
BSB नंबर *	6 डिजीट नम्बर और उसमें कोई खाली स्थान नहीं
एकाउंट नंबर *	नम्बर जिसमें कोई खाली स्थान न हों
मैनें अपनी ऑस्ट्रेलियाई बैंक स्टेटमेंट पर उपरोक्त BSB नम्बर और एकाउंट नम्बर की पुष्टि कर ली है और यह प्रमाणित कर सकता/सकती हूँ कि ये विवरण सही हैं। *	☒

अनुभाग 5: सहायक दस्तावेज़

नोट - सभी सहायक दस्तावेज जेपीईजी, पीडीएफ या पीएनजी प्रारूप में होने चाहिए। अन्य फ़ाइल प्रारूपों को स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

यह महत्वपूर्ण है कि आप साक्ष्य के स्वीकार्य रूप के लिए एप्लीकेशन गाइड (स्ट्रीम दो) देखें। यदि आप सही दस्तावेज संलग्न नहीं करते हैं तो आपके आवेदन पर कार्रवाई नहीं की जा सकती है।

1. नामांकन की पुष्टि (Confirmation of Enrolment – CoE) अपनी CoE संलग्न करें और यह जांच करें कि आपने सही ढंग से विवरण एंटर किए हैं: • कोर्स शुरु होने की दिनांक (सवाल 1.2) • कोर्स समाप्त होने की दिनांक (सवाल 1.3) • CoE नम्बर (सवाल 1.4) • शिक्षा प्रदाता का नाम (सवाल 1.5) • शिक्षा प्रदाता का CRICOS नम्बर (सवाल 1.6) * हमारे आवेदन गाइड में CoE का उदाहरण देखें।	फाइल चुनें कोई फाइल नहीं चुनी गई *(अधिकतम साइज 5 MB)*
2.1 वैध स्टुडेन्ट वीज़ा या ब्रिजिंग वीज़ा ग्रांट अधिसूचना दस्तावेज़ आपको दस्तावेज़ीकरण प्रदान करना होगा जो आपके वीज़ा के बारे में वर्तमान जानकारी प्रदान करता है। यदि आपके पास छात्र वीज़ा है, तो प्रदान कीजिए: 1. गृह मामला विभाग द्वारा आपूर्ति किया गया एक वैध छात्र वीज़ा दस्तावेज (आमतौर पर एक VEVO वीज़ा विवरण जाँच रिकॉर्ड)। यदि आपके पास ब्रिजिंग वीज़ा हैं, तो प्रदान कीजिए: 1. अपने ब्रिजिंग वीज़ा ग्रांट अधिसूचना दस्तावेज़ की एक प्रति और 2. गृह मामला विभाग से एक VEVO वीज़ा विवरण जाँच रिकॉर्ड। यदि आपका VEVO वीज़ा विवरण जाँच दस्तावेज़ पांच दिन से अधिक पुराना है, तो कृपया इस आवेदन को जमा करने से पहले गृह मामला विभाग के Visa Entitlement Verification Online (VEVO) वेबसाइट पर जाकर एक नया दस्तावेज़ उत्पन्न करें। यह ज़रुरी है कि आपके वीज़ा दस्तावेज़ (ओं) में जानकारी के निम्नलिखित प्वाइंट्स दर्शाए जाते हों: 1. एक साफ दिखाई देने वाला ऑस्ट्रेलियाई राज्यचिन्ह या लोगो या URL पता। 2. आपके VEVO वीज़ा विवरण जाँच में दस्तावेज़ बनाए जाने की तारीख शामिल हुई होनी चाहिए, और यह दर्शाया जाना चाहिए कि यह व आपके आवेदन सब्मिट करने से 5 दिन पहले की अवधि के बीच बनाया गया था (यह दर्शाने के लिए कि आपका वर्तमान स्थान ऑनशोर है) 3. आपका पूरा नाम 4. आपका वर्तमान स्थान (ऑनशोर) 5. आपका वीज़ा ग्रांट नम्बर 6. आपका वीज़ा सबक्लास 7. □□□□ वीज़ा ग्रांट दिनांक 8. □□□□ वीज़ा एक्सपायरी दिनांक – रहने की अवधि (यह ज़रुरी है कि यह 30 जून 2020 के बाद तक की हो) * 9. कि आपके वीज़ा आवेदन पर कार्रवाही चालू है (केवल ब्रिजिंग वीज़ा धारक) हमारे आवेदन गाइड में योग्य वीज़ा दस्तावेज़ों के उदाहरण देखें।	फाइल चुनें कोई फाइल नहीं चुनी गई *(अधिकतम साइज 5 MB)*

2.2. वैध स्टुडेन्ट वीज़ा या ब्रिजिंग वीज़ा दस्तावेज़ – यदि आपके पास छात्र वीज़ा है, तो प्रदान कीजिए: 1. गृह मामला विभाग द्वारा आपूर्ति किया गया एक वैध छात्र वीज़ा दस्तावेज (आमतौर पर एक VEVO वीज़ा विवरण जाँच रिकॉर्ड)। यदि आपके पास ब्रिजिंग वीज़ा हैं, तो प्रदान कीजिए: 1. अपने ब्रिजिंग वीज़ा ग्रांट अधिसूचना दस्तावेज़ की एक प्रति और 2. गृह मामला विभाग से एक VEVO वीज़ा विवरण जाँच रिकॉर्ड। यदि आप सही जानकारी संलग्न नहीं करते/करती हैं तो आपके आवेदन पर कार्रवाई नहीं की जा सकती है।	फाइल चुनें कोई फाइल नहीं चुनी गई *(अधिकतम साइज 5 MB)*
3. पासपोर्ट की प्रति अपना पासपोर्ट संलग्न करें (आपकी फोटो वाला पेज़) और यह जांच करें कि आपने ये विवरण सही एंटर किए हैं: • पासपोर्ट में दिया गया नाम (अनुभाग 2)) • पासपोर्ट में दी गई राष्ट्रीयता (सवाल 1.12) • पासपोर्ट नम्बर (सवाल 1.13) • जन्म तिथि (अनुभाग 2) * हमारे आवेदन गाइड में पासपोर्ट दस्तावेज़ का उदाहरण देखें।	फाइल चुनें कोई फाइल नहीं चुनी गई *(अधिकतम साइज 5 MB)*
4. मार्च, अप्रैल, मई, जून या जुलाई 2020 में रोज़गार का प्रमाण निम्नलिखित में से कोई एक: • पेस्लिप • नौकरी से बरखास्त किए जाने का पत्र • आपके नियोक्ता द्वारा भेजी गई ई-मेल • बैंक स्टेटमेंट • बैंक ट्रांज़ेक्शन रिकॉर्ड्स • किसी रोजगार या किरायेदारी वकील, समुदाय के वकील, या पेशेवर सलाहकार या व्यवसायिक पेशेवर से समर्थन पत्र यह महत्वपूर्ण है कि प्रमाण के स्वीकार्य प्रकार के लिए आप आवेदन संदर्शिका (दूसरी स्ट्रीम) का संदर्भ करें। * हमारे आवेदन गाइड में रोजगार और कठिनाई के प्रमाण के योग्य रूपों के बारे में अधिक जानकारी प्राप्त करें।	फाइल चुनें कोई फाइल नहीं चुनी गई *(अधिकतम साइज 5 MB)*
5. काम के घंटों में कमी या रोज़गार चले जाने का प्रमाण निम्नलिखित में से कोई एक: • पेस्लिप • नौकरी से बरखास्त किए जाने का पत्र • आपके नियोक्ता द्वारा भेजी गई ई-मेल • बैंक स्टेटमेंट • बैंक ट्रांज़ेक्शन रिकॉर्ड्स • किसी व्यवसायिक पेशेवर से समर्थन पत्र* हमारे आवेदन गाइड में रोजगार और कठिनाई के प्रमाण के योग्य रूपों के बारे में अधिक जानकारी प्राप्त करें	फाइल चुनें कोई फाइल नहीं चुनी गई *(अधिकतम साइज 5 MB)*

अनुभाग 6: अभिस्वीकृति और जमा करना

मैनें यह जांच कर ली है कि इस फॉर्म में एंटर किया गया संपूर्ण डाटा संलग्न दस्तावेज़ों में वर्णन किए गए तरीके के अनुसार है। मैं यह समझता/समझती हूँ कि गलत डाटा दिए जाने के कारण मेरे आवेदन के परिणाम पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है *	☒

मैं:

1. यह पुष्टि करता/करती हूँ कि मैं ही वह आवेदक हूँ जिसका नाम इस आवेदन में दिया गया है, और मैं अपनी ओर से यह आवेदन सब्मिट करता/करती हूँ ताकि अंतर्राष्ट्रीय विद्यार्थी आपातकालीन राहत फंड के दिशा-निर्देशों में निर्धारित शर्तों के अनुसार इस फंड की प्राप्ति के लिए मेरे आवेदन पर विचार किया जाए।

2. यह पुष्टि करता/करती हूँ कि इस आवेदन में मेरे द्वारा प्रदान की गई संपूर्ण जानकारी सही और ठीक है।

3. यह सहमति देता/देती हूँ कि Department of Jobs, Precincts and Regions (DJPR) इस आवेदन में मेरे द्वारा प्रदान की गई जानकारी का खुलासा राज्य और कॉमनवेल्थ के अन्य सरकारी विभागों और एजेंसियों को कर सकता है, विशेषकर Commonwealth Department of Education, Skills and Employment (DESE) और Commonwealth Department of Home Affairs को।

4. यह सहमति देता/देती हूँ कि DESE मेरे द्वारा इस आवेदन में प्रदान की गई जानकारी का प्रयोग मेरी उस नामांकन जानकारी को सत्यापित करने के लिए कर सकता है जो पहले से ही DESE के पास इसके प्रदाता रजिस्ट्रेशन और इंटरनेशनल मैनेजमेंट सिस्टम्स डाटाबेस में है।
5. यह DESE को इस बात की सहमति देता/देती हूँ कि DESE द्वारा मेरी जानकारी के सत्यापन के परिणामों का प्रकटीकरण वह DJPR को कर सकता है।

6. यह समझता/समझती हूँ कि DESE के वैधता कार्य के परिणामों का प्रयोग DJPR मेरे आवेदन में दी गई जानकारी की पुष्टि करने और मेरे आवेदन का आकलन करने के लिए करेगा।

7. यह समझता/समझती हूँ कि यदि मेरे द्वारा प्रदान की गई कोई जानकारी झूठी, असत्य या गुमराह करने वाली पाई जाती है, तो मांग किए जाने पर ग्रांट का पुन:भुगतान करना होगा और यह मामला कानून प्रवर्तन एजेंसियों को रेफर किया जा सकता है और जुर्माने लागू हो सकते हैं।

आवेदक द्वारा घोषणा
मैं यह घोषणा करता/करती हूँ कि यह घोषणा प्रदान करने और यह आवेदन जमा कराने के लिए इस आवेदन में नामांकित आवेदन के लिए प्राधिकृत हूँ और उसकी ओर से प्राधिकृत हूँ।

मैं यह समझता/समझती हूँ कि यदि इस आवेदन में प्रदान की गई कोई जानकारी झूठी या गुमराह करने वाली पाई जाती है, तो मांग किए जाने की स्थिति में ग्रांट का पुन:भुगतान करना होगा, और यह मामला कानून प्रवर्तन को रेफर किया जा सकता है और जुर्माने लागू हो सकते हैं।

मैं उपरोक्त अंतर्राष्ट्रीय विद्यार्थी आपातकालीन राहत फंड के अधीन ग्रांट के लिए मेरी पात्रता का आकलन करने के उद्देश्य के लिए प्रदान की गई जानकारी के प्रयोग की सहमति देता/देती हूँ। मैनें कार्यक्रम के दिशा-निर्देश पढ़ लिए हैं और यह समझता/समझती हूँ कि प्रदान की गई जानकारी को Privacy and Data Protection Act 2014 (Vic) के अनुसार संभाल कर रखा जाएगा।

इस बॉक्स पर निशान लगाकर, मैं उपरोक्त घोषणा कर रहा/रही हूँ और इस ऑनलाइन फॉर्म में निर्धारित ग्रांट की शर्तों की सहमति देता/देती हूँ *	☒
इस आवेदन को भरने वाले व्यक्ति का पूरा नाम: (यह वही नाम होना चाहिए जो आपके उस पासपोर्ट पर है जिसका प्रयोग आपने ऑस्ट्रेलिया में प्रवेश करने के लिए किया था और आपके Confirmation of Enrolment पर भी यही नाम होना चाहिए।) *	

आवेदन सब्मिट (जमा) करने के लिए आपका धन्यवाद। जितनी जल्दी संभव होगा हम आपको जवाब देंगे। इस बीच, कृपया Study Melbourne से संपर्क करें। Study Melbourne इस चुनौतिपूर्ण समय में हमारे अंतर्राष्ट्रीय विद्यार्थी समुदाय का समर्थन करने के लिए समर्पित है।

* अनिवार्य फील्ड्स को दर्शाता है।

समाप्त